Ek Tu Hi Nirankar

Gram : "NIRANKARI Delhi-110009
Web Site : http://www.nirankari.org

E-mail: snmmumbaipress@gmail.com

SANT NIRANKARI MANDAL (Regd)

SANT NIRANKARI SATSANG BHAWAN, MAHUL ROAD, CHEMBUR
Mumbai – 400 074 (INDIA)

प्रेस विज्ञप्ति

मानव एकता दिवस पर निरंकारियों द्वारा देश भर में लगाये गए ७९ रक्तदान शिविर

श्रद्धा ओर भक्ति भाव से उमड़ पड़े निरंकारी रक्तदाता

रक्तदान अभियान का उद्घाटन निरंकारी बाबा के करकमलों द्वारा

मुम्बई में एक ही कैम्प में ६३२ निरंकारियों ने किया रक्तदान

मुम्बई, २५ अप्रैल, २०१६ : सन्त निरंकारी मिशन के द्वारा मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में 24 अप्रैल, २०१४ के दिन पूरे देश में ७९ रक्तदान शिविरों का आयोजन करते हुए इस वर्ष के रक्तदान अभियान का जोरदार आरम्भ किया | सन्त निरंकारी मिशन के तत्कालीन प्रमुख बाबा गुरबचन सिंह जी की याद में हर वर्ष २४ अप्रैल के दिन साल भर के रक्तदान अभियान का आरम्भ किया जाता है | ज्ञात हो कि इसी दिन 1980 में मिशन के तत्कालीन सद्गुरु बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य, प्रेम, शांती और एकता जैसे महान मूल्यों को जीवित रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था | उन्ही के साथ चाचा प्रताप सिंह जी जो कि बाबा जी के अंगरक्षक थे, को भी अपने प्राणों का बलिदान पड़ा था | इसके अलावा मिशन के सैंकडों की संख्या में अनुयायियों को कट्टरपंथियों के हमलों का शिकार होना पड़ा था | उन सभी के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए मिशन द्वारा "मानव एकता दिवस" मनाया जाता है |

कल रविवार 24 अप्रैल के दिन मुंबई के संत निरंकारी सत्संग भवन चेंबूर में एक मात्र रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें ६३२ निरंकारीयों ने बड़ उत्साह के साथ रक्तदान किया | इस शिविर में रक्त संकलन का कार्य जे.जे.मेट्रो रक्त पेढी (२६१), लोकमान्य तिलक सायन अस्पताल की रक्तपेढी (१९१), संत निरंकारी रक्त पेढी (६९) और ट्रिम्फ रक्तपेढी (१११) आदि रक्तपेढियों द्वारा किया गया |

उल्लेखनीय है कि रक्त संकलन की सेवाओं में पहली बार सन्त निरंकारी मिशन की निजी रक्तपेढीने भाग लिया और रोटरी क्लब अगुवाई में ट्रिम्फ रक्तपेढी ने थालैसेमिया और उस किस्म के अन्य बिमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए रक्त संकलन किया | विशेष उल्लेखनीय बात यह भी है कि अंतराष्ट्रीय मानवीयता रक्तदान अभियान के अंतर्गत पहली बार शिविर की गतिविधियों को सोशल मीडिया पर प्रेषित किया गया |

इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन संत निरंकारी मंडल, मुंबई के मेडिकल विभाग के प्रभारी डॉ.आर.एस.यादव ने किया जबकि इस कॅम्प को सफल बनाने के लिए मेडिकल विभाग की टीम के अलावा सन्त निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन एवं सन्त निरंकारी सेवादल के स्थानिक युनिट द्वारा बहुमूल्य योगदान दिया गया | इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी सर्वश्री जे.पी.उपाध्याय, बाबूभाई, ललीत दलवी, शंकर सोनवणे एवं मारुती कासारे उपस्थित थे |

.....२/-

पूरे देश में पूरे साल चलने वाले इस रक्तदान अभियान का उद्घाटन दिल्ली में आयोजित रक्तदान शिविर में निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के करकमलों द्वारा किया गया | देश भर में आयोजित रक्तदान शिविरों का ब्यौरा इसप्रकार है - दिल्ली-१, उत्तर प्रदेश-१२ महाराष्ट्र-१०, राजस्थान-६, मध्य प्रदेश-५ पंजाब-५, हरियाणा-५, गुजरात-४, हिमाचल प्रदेश-४, बिहार-४, हिमाचल प्रदेश-४, झारखंड-३, उत्तराखंड-३, पश्चिम बंगाल-३, जम्मू कश्मिर-३ उड़िसा-३, चंडिगढ़, असम, अदमान, गोवा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल तथा तमिलनाडु में हर स्थान पर १ शिविर का समावेश था |

मिशन के वर्तमान सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने मिशन के अनुयायियों को **"रक्त नाड़ियों में बहे न कि नालीयों में"** यह नारा दिया है तब से लगातार निरंकारी भक्त बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से रक्तदान करते आ रहे हैं और अब यह रक्तदान एक बहुत बड़े अभियान का रुप ले चुका है |इसका प्रारंभ हर वर्ष मानव एकता दिवस पर किया जाता है |

रक्तदान शिविरों के पिछले कुछ वर्षों बढ़ते आलेख को देखें तो सन 2009 से ये शिविर २४ अप्रैल से शुरु होकर पूरे साल पूरे देश में चलाये जाने लगे हैं |२००९ में ३०९, २०१० में ३७१, २०११ में ४२३, २०१२ में ४२९, २०१३ में ४४६, २०१४ में ४४६ और २०१५ में ४९४ शिविरों का आयोजन किया गया | १९८६ से अब तक ४५६७ रक्तदान शिविरों के आयोजन करके कुल ७८८६०१ युनिट रक्तदान संत निरंकारी मिशन द्वारा किया गया है जिससे यह देश की अग्रणी रक्तदाता संस्था बन चुकी है |

मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में निरंकारी मिशन द्वारा देश-विदेश में विशेष सत्संग समारोहों का आयोजन किया गया जिसमें बाबा गुरबचन सिंह जी एवं अन्य बलिदानी सन्तों के जीवन से प्रेरणा ली गई |मुम्बई और आस पास के इलाकों में १३ स्थानों पर इस प्रकार के सत्संग समारोहों का आयोजन किया गया |

आपके सम्मानित समाचार पत्र में प्रकाशनार्थ

(प्रविण छाब्रा)
मीडिया संयोजक, मुंबई
M-8655455610